DPG DEGREE COLLEGE,
Sec 34 near Marble Market,
Gurgaon Haryana-122001

विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में 10.01.2026 को डी.पी.जी डिग्री कॉलेज में आभासी माध्यम से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करते हुए हिन्दी दिवस मनाया गया ।



हिंदी के प्रचार प्रसार के लिए प्रति वर्ष **10** जनवरी को विश्व हिन्दी दिवस के रूप में मनाया जाता है। विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी डी.पी .जी डिग्री कॉलेज में बुधवार को विश्व हिंदी दिवस पर विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। आयोजन का आरम्भ विधि महाविद्यालय की निदेशक डॉ० प्रिया ने प्रतियोगियों को विश्व हिंदी दिवस के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम में डी.पी.जी ग्रुप ऑफ कॉलेज के चेयरमैन श्री राजेंद्र गहलोत, वाईस चेयरमैन श्री दीपक गहलोत तथा सेक्रेटरी श्री नरेंद्र गहलोत, अकादमिक निदेशक श्री प्रह्लाद सिंह जी, रजिस्ट्रार श्री अशोक गोगिया एवं अकादमिक प्रधानाचार्य श्री एस.एस. बोकन जी भी उपस्थित थे। जिन्होंने विश्व हिंदी दिवस पर अपने वक्तव्य से सभी का हिन्दी की उपयोगिता के संबंध मे जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन कला संकाय की सहायक प्राध्यापिका श्रीमती सरला ने किया। कार्यक्रम में कहानी लेखन प्रतियोगिता, कविता प्रस्तुतिकरण और पोस्टर निर्माण आदि का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिताओं में काव्य पाठ प्रतियोगिता के अंतर्गत प्राची अग्रवाल बी.बी.ए द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा प्रथम रही तथा द्वितीय स्थान पर मयन नायक बीकॉम चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र रहे। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में एम.ए अंग्रेजी की छात्रा सिद्धि प्रथम तथा द्वितीय स्थान पर बी.ए द्वितीय वर्ष की छात्रा प्राची अग्रवाल रहीं।

प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका कला एवं मानविकी विभाग के ही सहायक प्राध्यापक श्री उपेंद्र जी तथा श्री शौकीन जी ने निभाई। कला संकाय के हिंदी प्राध्यापक डॉ० महेंद्र सिंहने विश्व हिंदी दिवस **2026** के ध्येयवाक्य- "*हिंदी: पारंपरिक ज्ञान से कृत्रिम बुद्धिमत्ता तक*" पर अपने विचार प्रस्तुत किया**,** तथा हिंदी की सुंदरता व सरलता से सबको अवगत करवाया। डीपीजी डिग्री कॉलेज के कला एवं मानविकी संकाय की विभागाध्यक्ष डॉ० रीतू ने सभी को हिंदी भाषा का महत्व बताते हुए विश्व हिन्दी दिवस की बधाई दी और औपचारिक रूप से सबका स्वागत किया गया। हिंदी प्राध्यापिका डॉ० कमलेश कुमारी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कार्यक्रम के अन्त की घोषणा की। विश्व हिन्दी दिवस कार्यक्रम में सभी प्राध्यापकगण व विद्यार्थी मौजूद रहे।

दिनांक- **10.01.2026**